

# सैंटनर करेंगे टेस्ट में कप्तानी



- टॉम लैथम कंधे की चोट के कारण बाहर
- हाल ही में टी20 में दिलाया था खिताब
- लैथम की गैरमौजूदगी में संभालेंगे कमान

**बुलावायो, 29 जुलाई. मिशेल सैंटनर कल से बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान टॉम लैथम की जगह लेंगे, जो कंधे की चोट के कारण बाहर हैं.**

ब्लैककैप्स के सीमित ओवरों के कप्तान सैंटनर, हरारे में हाल ही में हुई टी20 ट्राई-सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन के बाद, लाल गेंद से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जहां उन्होंने न्यूजीलैंड को अजेय खिताब दिलाया था. इस ऑलराउंडर के पास 30 टेस्ट मैचों का अनुभव है, जिसमें उन्होंने 1066 रन बनाये और 74 विकेट लिए हैं. न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने पुष्टि की है कि लैथम, जिन्हें इंग्लैंड में एक घरेलू टी20 मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी, अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं और अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं बन पाए हैं. हालांकि, वह दूसरे टेस्ट से पहले फिटनेस हासिल करने की उम्मीद के साथ ज़िम्बाब्वे में टीम के साथ बने रहेंगे.

मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने लैथम की अनुपस्थिति पर निराशा व्यक्त की, लेकिन कहा कि टीम उनकी वापसी को लेकर आशावादी है. वाल्टर ने कहा, जब आप अपने कप्तान को खो देते हैं, जो एक विश्वस्तरीय सलामी बल्लेबाज और एक बेहतरीन टीम मैन हैं, तो यह कभी भी अच्छा नहीं लगता. हम यह आकलन करते रहेंगे कि क्या किसी प्रतिस्थापन खिलाड़ी की आवश्यकता है, लेकिन इस समय हमें उम्मीद है कि वह समय पर ठीक हो जाएँगे.

> सेंटनर की पदोन्नति पर, वाल्टर ने कहा, मिच ने हालिया श्रृंखला में टी20 टीम के साथ शानदार काम किया. हालांकि प्रारूप अलग है, लेकिन खिलाड़ियों का उस पर पूरा सम्मान है और कुछ बेहद अनुभवी टेस्ट क्रिकेटरों का भी उसे समर्थन मिलेगा, इसलिए मुझे विश्वास है कि वह शानदार प्रदर्शन करेगा. न्यूजीलैंड का आखिरी लाल गेंद वाला मैच इंग्लैंड के खिलाफ एक प्रतिस्पर्धी घरेलू श्रृंखला थी, जिसमें वे 2-1 से हार गए थे. विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंकों के साथ, ज़िम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ब्लैक कैप्स के लिए खुद को फिर से संगठित करने और पुनर्निर्माण का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है.

## पैरा खिलाड़ियों को मिला 31 .72 करोड़ रुपये का नकद इनाम

**चंडीगढ़.** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री और पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार ने चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 में भाग लेने वाले प्रदेश के 17 खिलाड़ियों को कुल 31.72 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया है.

मंत्री राव ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित (एथलेटिक्स) और तरुण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन) को 3-3 करोड़ रुपये रुपये दिए गए हैं. नितेश कुमार को पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए 4.5 रुपये करोड़ मिले हैं. इसी तरह से सरिता अढाना, पूजा, योगेश कथुनिया सहित कई अन्य खिलाड़ियों को रजत पदक जीतने पर 1.5-1.5 करोड़ रुपये दिए गए. जबकि अंजू बाला (पैरा लॉन बॉल), जसबीर (एथलेटिक्स) और जयदीप (कैनोइंग) को भागीदारी के लिए 7.5-7.5 लाख रुपये दिए गए हैं. मंत्री राव ने कहा कि हमारे पैरा खिलाड़ियों ने पदक जीतकर हरियाणा और पूरे देश का नाम रोशन किया है.



## सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ की टॉप-10 में बनाई जगह

- भारतीय जोड़ी ने रैंकिंग में शानदार वापसी की
- कोरियाई जोड़ी किम-सियो नंबर 1 पर कायम

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है.**

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है.

कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं.

> मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं. थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं. नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे.

## चंद्रकांत पंडित ने केकेआर से तोड़ा नाता

### 2024 में केकेआर को दिलाया तीसरा आईपीएल खिताब

- अनुशासन और नेतृत्व के लिए माने जाते हैं प्रसिद्ध
- घरेलू खिलाड़ियों को निखारने में निभाई भूमिका



**कोलकाता, 29 जुलाई. चंद्रकांत पंडित ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से नाता तोड़ने का फैसला किया है और अब वह फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में काम नहीं करेंगे, टीम ने आज इसकी पुष्टि की. पंडित, जिन्होंने 2023 सीजन से पहले कोचिंग की बागडोर संभाली थी, ने केकेआर को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण में ऐतिहासिक खिताब दिलाया, जो उनकी तीसरी और एक दशक में पहली चैंपियनशिप थी.**

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, हम उनके अमूल्य योगदान के लिए आभारी हैं, जिसमें 2024 में केकेआर को टाटा आईपीएल चैंपियनशिप तक ले जाना और एक मजबूत, लचीली टीम बनाने में मदद करना शामिल है. अपने बेबाक रवैये और घरेलू प्रतिभाओं से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की क्षमता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित, पंडित के नेतृत्व और अनुशासन को टीम की मानसिकता और मैदान पर प्रदर्शन को नया रूप देने का श्रेय दिया जाता है. बयान में आगे कहा गया है कि पंडित का प्रभाव स्थायी होगा और फ्रेंचाइजी उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देती है. कई रणजी ट्रॉफी खिताबों के साथ एक अनुभवी कोच, पंडित से अब भारतीय क्रिकेट में नए अवसरों की तलाश करने की उम्मीद है, संभवत: राष्ट्रीय या विकासात्मक स्तर पर.



## दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

**बेंगलुरु.** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की. सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे. दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है. 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुकाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा. विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा.

### एक नजर में



## सनन मोहम्मद के गोल से जमशेदपुर विजयी

चेन्नई. मंगलवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए डूरंड कप 2025 के ग्रुप सी मुकाबले में सनन मोहम्मद के दूसरे हाफ के गोल की बदौलत जमशेदपुर एफसी ने इंडियन आर्मी एफटी को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की. इस जीत से जमशेदपुर एफसी दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है और नॉकआउट चरण में जगह बनाने के करीब है. मैच के पहले हाफ में इंडियन आर्मी का दबदबा रहा और उन्होंने कई मौके बनाए, लेकिन गोल करने में नाकाम रहे. जमशेदपुर एफसी को आर्मी की शारीरिक क्षमता का सामना करने में मुश्किल हुई. मेजबान टीम ने 52वें मिनट में लंबी थ्रो से शुरू हुई चाल को खत्म करते हुए बढ़त हासिल की, जब सनन मोहम्मद ने शानदार गोल किया. मैच के अंत में नाटकीय मोड़ आया, जब आर्मी के गोलकीपर को पेनल्टी बॉक्स के बाहर फाउल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया. डिफेंडर समनंदा सिंह ने शेष समय के लिए गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली, जबकि इंडियन आर्मी बराबरी के लिए जोर लगा रही थी.

## सिवर-ब्रंट बनीं वनडे की नई रानी



**दुबई.** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं. इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं. हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है. हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं. हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे. जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे.

## ओरिएंटल कप में डीपीएस और फरीदाबाद का जलवा

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. ओरिएंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन बेहद रोमांचक और भावनात्मक क्षणों के साथ हुआ, जहां दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम ने बालक वर्ग और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद ने बालिका वर्ग में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया.**

डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में हुए इन फाइनल मुकाबलों से पहले भारी बारिश ने आयोजकों की चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन छात्र खिलाड़ियों की सुरक्षा और खेल भावना को ध्यान में रखते हुए, मैच कमिश्नर ने कोचों और आयोजकों के साथ परामर्श कर दोनों फाइनल मुकाबलों को पेनल्टी शूटआउट के जरिए संपन्न कराने का निर्णय लिया.

> फाइनल दिवस पर 1980 मास्को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, मैं श्री फरीद बक्शी और ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स (ओएसई) की टीम को इतनी प्रभावशाली और सुव्यवस्थित प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं.

## ओसाका 1 साल में हुई मोरातोग्लू से अलग

### सोशल मीडिया पर कोच बदलने की घोषणा की



**मॉन्ट्रियल, 29 जुलाई. . चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने पैट्रिक मोरातोग्लू के साथ एक साल से भी कम समय तक काम करने के बाद उनसे नाता तोड़ लिया है. अब वह पोलिश कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की के साथ ट्रायल के आधार पर काम करेंगी.**

ओसाका ने सोमवार को सोशल मीडिया पर मोरातोग्लू से अलग होने की घोषणा की, जिसके तुरंत बाद उन्होंने डब्ल्यूटीए कनाडाई ओपन के पहले दौर में कनाडाई क्वालीफायर एरियाना आर्सनॉट को 6-4, 6-2 से हराया.

विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज ओसाका ने कनाडा में विक्टोरोव्स्की के साथ काम शुरू किया है. विक्टोरोव्स्की ने 2011-2018 तक पोलैंड की एग्निस्ज्का रदवांस्का को कोचिंग दी थी, जिससे उन्हें विंबलडन फाइनल और विश्व नंबर दो रैंकिंग हासिल करने में मदद मिली. उन्होंने 2021 के अंत से पिछले अक्टूबर तक इगा स्वियाटेक को भी कोचिंग दी थी, इस दौरान स्वियाटेक ने अपने छह करियर ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों में से चार जीते थे. ओसाका अगले दौर में 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसनोवा का सामना करेंगी.



## कनाडाई ओपन : बूचार्ड का टाला संन्यास

**मॉन्ट्रियल.** कनाडाई ओपन के पहले दौर में घरेलू खिलाड़ी यूजिनी बूचार्ड ने एमिलियाना अरांगो को 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर अपनी सेवानिवृत्ति को टाल दिया. बूचार्ड ने पहले घोषणा की थी कि वह टूर्नामेंट के बाद संन्यास ले लेंगी, लेकिन जीत के बाद कहा, अगर मैं यह टूर्नामेंट जीतती हूं, तो संन्यास नहीं लूंगी. ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने रोमानिया की एलेना-गैब्रिएला रूसे को 6-2, 6-4 से हराया.



## एशिया कप में पहली बार भारत

**चेन्नई, 29 जुलाई. भारतीय महिला फुटबॉल टीम को मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित आधिकारिक ड्रॉ समारोह के दौरान 2026 महिला एएफसी एशिया कप के लिए ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है.**

यह पहली बार है जब ब्लू टाइग्रेस ने अपनी योग्यता के दम पर एशिया कप में अपना स्थान पक्का किया है, जबकि पिछले संस्करण में मेजबान देश के रूप में उन्हें स्वत: योग्यता मिली थी. 23 जून से 19 जुलाई तक चले क्वालीफायर के माध्यम से आठ टीमों ने 21वें संस्करण के लिए अपनी जगह बनाई. भारत ने उच्च रैंक वाली थाईलैंड पर ऐतिहासिक जीत के साथ अपना स्थान सुरक्षित किया.

**उपलब्धि** ▶ अब बिजली विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर में होगा शामिल, करियर के नए अवसर खुलेंगे

## खो-खो को एआईईएससीबी में मिली जगह

- खिलाड़ियों को मिलेगा खेल कोटे में नौकरी का मौका
- ग्रामीण युवाओं के लिए पेशेवर रास्ते खुलेंगे



**नयी दिल्ली, 29 जुलाई. खो-खो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण बोर्ड (एआईईएससीबी) के वार्षिक खेल कैलेंडर में आधिकारिक रूप से स्थान पा लिया है.**

एआईईएससीबी भारत के विद्युत क्षेत्र में खेलों के संचालन और विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रमुख संस्था है. यह निर्णय मुंबई में आयोजित एआईईएससीबी की आम सभा की बैठक के दौरान लिया गया, जहां खो-खो को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, हॉकी, टेनिस जैसे 16 अन्य खेलों के साथ एक आधिकारिक खेल अनुशासन के रूप में मान्यता दी गई.

### 16 खेलों के साथ मिला आधिकारिक दर्जा

**खिलाड़ियों को करियर पाने के अधिक अवसर मिलेंगे**

एआईईएससीबी के खेल कैलेंडर में शामिल होने के साथ, अब खिलाड़ियों के पास खेल कोटे के माध्यम से स्थिर करियर पाने के अधिक अवसर होंगे, जिससे उभरते खिलाड़ियों को पेशेवर रूप से खेल अपनाने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा. इससे पहले खो-खो को पहले ही सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के खेल कैलेंडरों में शामिल किया जा चुका है.

यह महत्वपूर्ण प्रगति दर्शाती है कि कैसे सरकारी और अर्ध-सरकारी संगठनों के बीच खो-खो को एक मुख्यधारा के खेल के रूप में अपनाया जा रहा है, जिससे यह विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और स्वायत्त निकायों के प्रमुख खेल कैलेंडरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है.

> सरकारी और स्वायत्त निकायों द्वारा खो-खो को अपनाया जाना उस व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा है जो खेलों में भागीदारी को लोकतांत्रिक बनाने और देशी खेलों को फलने-फूलने के लिए मंच देने की दिशा में काम कर रहा है. जैसे-जैसे यह खेल आगे बढ़ रहा है, प्रमुख खेल कैलेंडरों में इसका समावेश खो-खो खिलाड़ियों के लिए संरचित रोजगार, सतत विकास के अवसर और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है. जैसे-जैसे और अधिक सरकारी संस्थाएं इस दिशा में कदम बढ़ा रही हैं,



## अविनाश की हुई एसीएल सर्जरी

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले की एसीएल सर्जरी हुई है.**

उन्हें यह चोट इस महीने की शुरुआत में मोनाको डायमंड लीग के दौरान लगी थी. इस चोट के कारण 30 वर्षीय साबले सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर हो गए हैं. मौजूदा एशियाई चैंपियन और 2023 के हांगझोऊ एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता साबले का मुंबई के एक अस्पताल में जाने-माने सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में ऑपरेशन हुआ. एसीएल सर्जरी से ठीक होने में आमतौर पर कम से कम छह महीने लगते हैं.